मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी व ई–अनुज्ञा/2018–19/870 भोपाल दिनांक 07 जून 2018

प्रति,

1. संयुक्त संचालक/उप संचालक,
   मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
   आंचलिक कार्यालय,
   भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

2. सचिव,
   कृषि उपज मण्डी समिति (समस्त),
   .... जिला ....(म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की समस्त मण्डियों में ई–अनुज्ञा पत्र मॉडयूल के ऑनलाईन क्रियान्वयन की आवश्यक तैयारियों के संबंध में।

–0–

दिनांक 05 मई 2018 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय में सम्पन्न आंचलिक संयुक्त/उप संचालकों की मासिक समीक्षा बैठक में दिनांक 01 जुलाई 2018 से प्रदेश की समस्त मण्डी समितियों में एक साथ ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल का ऑनलाईन क्रियान्वयन आरम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कार्यालयीन पत्र क्रमांक बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2017–18/854–855 दिनांक 23 मई 2018 से संयुक्त संचालक/उप संचालक, मण्डी बोर्ड आंचलिक कार्यालय को नोडल अधिकारी व मण्डी समिति के सचिव को उप–नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है वे इस प्रकिया के सुचारु संचालन के लिये दायित्वपूर्ण होंगे। अतः योजना के सुचारु संचालन के लिये निम्नानुसार आवश्यक तैयारियॉ व कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित कर रखें :–

(01) ई–अनुज्ञा पत्र मॉडयूल के ऑनलाईन क्रियान्वयन अंतर्गत प्रदेश की मण्डी समितियों के कर्मचारी व व्यापारियों के लिये कार्य के प्रशिक्षण की सुविधा की दृष्टि से ई–अनुज्ञा प्रणाली में "ई–अनुज्ञा प्रशिक्षण (मण्डी समिति)" एवं "ई–अनुज्ञा प्रशिक्षण (व्यापारी)" का लिंक दिया गया है जिससे प्रशिक्षण कार्य में मदद मिलेगी।

(02) मण्डी सचिव यथा उप–नोडल अधिकारी अपने प्रशिक्षित मॉस्टर ट्रेनर के माध्यम से मण्डी अमले के शेष उपयुक्त कर्मियों को व मण्डी के सभी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को दिनांक 01 जुलाई 2018 से ई–अनुज्ञा प्रणाली के ऑनलाईन वर्जन का क्रियान्वयन करने की जानकारी देकर व अनुरोध कर उन्हें प्रशिक्षण देने की कार्यवाही 12 जून 2018 तक पूर्ण कर लेवें।

(03) मण्डी सचिव यथा उप–नोडल अधिकारी ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली में दर्ज अपनी प्रोफाईल को तत्काल अद्यतन करेगें। एन0आई0सी0 की राज्य इकाई द्वारा प्रथमतः मण्डी के

सचिव को यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का क्रियेशन कर उनके मोबाईल नम्बर पर दिनांक 15 जून 2018 तक उपलब्ध करा दिये जावेंगे। जिसकी मदद से मण्डी सचिव अपनी मण्डी के ई–अनुज्ञा कार्य में लगे कर्मियों के पंजीयन की कार्यवाही 22 जून 2018 तक पूर्ण करेगें व किये जाने वाले कार्य का निर्धारण कर उन्हें दायित्वपूर्ण करेंगे।

उपरोक्त प्रकिया में पंजीकृत मण्डी कर्मचारी के मोबाईल पर ओ0टी0पी0 के माध्यम से सत्यापन उपरांत ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली पर कार्य करने का यूजर आई0डी0 व पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसे गोपनीय व सुरक्षित रखने का पूर्ण दायित्व संबंधित मण्डी कर्मचारी का होगा साथ ही वह अपने एण्ड्राइड मोबाईल (Android Mobile) के आई.एम.इ.आई. (IMEI) नम्बर की प्रविष्टि कर्मचारी पंजीकरण के समय अनिवार्य रुप से करायेंगे ताकि अनुज्ञा पत्र की जांच व सत्यापन करने के समय पंजीकृत मोबाईल का उपयोग किया जा सके।

(04) वर्तमान ई–अनुज्ञा प्रणाली में सचिव के लॉगिन आई0डी0 पर व्यापारी के विवरण में सुधार व अद्यतन किये जाने हेतु उपलब्ध स्क्रीन पर व्यापारी के प्रचलित मोबाईल नम्बर के साथ ही आवश्यक प्रविष्टियॉ अनिवार्य रूप से दिनांक 15 जून 2018 तक पूर्ण करालें। व्यापारी के दर्ज विवरण का ओ0टी0पी0 (One Time Password) के माध्यम से सत्यापन उपरांत व्यापारी के मोबाईल नम्बर पर कार्य करने का यूजर आई0डी0 व पासवर्ड प्राप्त होगा।

(05) मण्डी सचिव यथा उप–नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह ई अनुज्ञा प्रणाली अन्तर्गत प्रयुक्त किये जाने वाले मण्डी के समस्त कम्प्यूटर मशीन का आई0पी0 एड्रेस अनिवार्य रूप से ई अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली में दिनांक 15 जून 2018 तक दर्ज करायेंगे। जिससे पोर्टल पर आई0पी0 नम्बर वाले कम्प्यूटर से ही कार्य सम्पादित किया जा सकेगा अन्य से नहीं।

उपरोक्त कार्यवाही समयसीमा अनुसार पूर्ण करना/कराना सुनिश्चित करें।

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी व ई–अनुज्ञा/2018–19/871 भोपाल दिनांक 07 जून 2018

<u>प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

(01) अपर संचालक (वित्त)/अपर संचालक (नियमन/एम0आई0एस0)/अपर संचालक (प्रशिक्षण/योजना), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल